तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की

न्यायालय अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, नाथद्वारा

प्रकरण संख्या 25/2026 रे0फो0

राजस्थान राज्य बनाम भैरूसिंह

(1/1)

दिनांक : 24.03.2026

सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित।

अभियुक्त **भैरूसिंह** अनुपस्थित। अधिवक्ता **श्री राजकुमार पालीवाल** उपस्थित।

अभियुक्त की ओर से जरिये अधिवक्ता हाजरी माफी का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण इस न्यायालय का टारगेट प्रकरण है, माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा टारगेट प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।

अधिवक्ता अभियुक्त द्वारा हाजरी माफी का प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि अभियुक्त का 03 दिन पूर्व एक्सीडेंट हो गया है इसलिए अभियुक्त आज न्यायालय में उपस्थित नहीं है। अधिवक्ता अभियुक्त द्वारा अभियुक्त के ईलाज के दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं।

प्रकरण के तथ्यों व परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अभियुक्त का हाजरी माफी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है।

अधिवक्ता अभियुक्त को आदेश दिया जाता है कि आगामी पेशी पर आवश्यक रूप से अभियुक्त को उपस्थित रखें।

पत्रावली वास्ते आरोप विरचना दिनांक 06.04.2026 को पेश हो।